समाचार

# समस्याओं का जायजा लेने ढोढ़ीपारा बस्ती पहुंचे महापौर

(वार्ड पार्षद व बस्तीवासियों से की चर्चा, समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश)



कोरबा 04 जुलाई 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज निगम के वार्ड क्र. 15 अंतर्गत आने वाले ढोढ़ीपारा बस्ती के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। उन्होने वार्ड के पार्षद एवं बस्तीवासियों से बस्ती की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की, उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। उनके साथ मेयर इन काउंसिल सदस्य श्री संतोष राठौर भी उपस्थित थे।

महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज ढोढ़ीपारा बस्ती के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। वार्ड पार्षद धनसाय साहू ने वार्ड की समस्याओं से महापौर श्री प्रसाद को अवगत कराया। उन्होने बस्ती की विभिन्न गलियों में पैदल भ्रमण करते हुए बस्ती के नागरिकों से भेंट की, उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को जाना तथा समस्याओं के निराकरण के संबंध में त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। ढोढ़ीपारा बस्ती स्थित सामुदायिक भवन मंच के पास पूर्व निर्मित किचन शेड के मरम्मत कार्य की आवश्यकता को देखते हुए उन्होने मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ढोढ़ीपारा बस्ती के मध्य से होकर बहने वाले कच्चे नाले को पक्के व कवर्ड नाले के रूप में निर्मित कराए जाने का अनुरोध भी वार्ड पार्षद एवं बस्तीवासियों द्वारा किया गया। महापौर श्री प्रसाद ने कहा कि चूंकि डाक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी विद्युत तापगृह संयंत्र का डिस्चार्ज पानी इस नाले से होकर बहता है, अतः नाला निर्माण के संबंध में सी.एस.ई.बी. के अधिकारियों से चर्चा कर इस पर समुचित रूप से आवश्यक कार्यवाही कराई जाएगी। वार्ड पार्षद एवं बस्तीवासियों द्वारा बस्ती में विभिन्न विकास कार्यो की आवश्यकता बताए जाने पर महापौर श्री प्रसाद ने इस पर भी त्वरित कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिए। भ्रमण के दौरान उन्होने बस्ती की

साफ–सफाई व्यवस्था का भी सघन रूप से निरीक्षण किया, साफ–सफाई कार्यो के संबंध में बस्तीवासियों से चर्चा की, बस्तीवासियों ने स्वच्छता कार्यो पर संतुष्टि जताई। कुछ स्थानों पर सफाई से संबंधित समस्याओं की आवश्यकता को देखते हुए महापौर श्री प्रसाद ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

भ्रमण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य श्री संतोष राठौर के साथ–साथ वार्ड पार्षद धनसायं साहू, पूर्व पार्षद मनकराम साहू, सहायक अभियंता विवेक रिछारिया, मिथलेश विश्वकर्मा, शीतलदास आदि के साथ बस्ती के अन्य नागरिकगण व अन्य निगम कर्मी उपस्थित थे।